# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 25.07.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यकम के अनुसार दिनांक 25.07.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, कार्यदायी संस्था वेलस्पन इन्टरप्राइजेज एवं जी0ए0 इन्फा0 के प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0 एवं टी0पी0आई0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे । समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था वेलस्पन इन्टरप्राइजेज एवं जी0ए0 इन्फा0 की प्रगति निम्नवत् पायी गयी :–

वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work In Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell · | 262 | 258 | 04 |
| 2 | Pump House | 262 | 256 | 06 |
| 3 | Solar | 258 | 201 | 57 |
| 4 | ESR (OHT) | 262 | 81 | 181 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 3951 | 3943 | 08 |
| 6 | FHTC | 160069 | 152661 | 7408 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 532 | 48 | 484 |

जी0ए0 इन्फा–

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work In Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 136 | 135 | 1 |
| 2 | Pump House | 136 | 132 | 4 |
| 3 | Solar | 121 | 119 | 2 |
| 4 | ESR (OHT) | 136 | 128 | 8 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 1560 | 1528 | 32 |
| 6 | FHTC | 54024 | 52530 | 1494 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 216 | 132 | 84 |

**बिन्दु–1** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक दिनांक 30.06.2026 से दिनांक 25.07.2026 तक कार्यदायी संस्था वेलस्पन द्वारा शिरोपरि जलाशय में 09 नग एवं 1279 नग FHTC की प्रगति की गयी है। मेसर्स जी0ए0इन्फा0 के द्वारा शिरोपरि जलाशय में 01 नग एवं 84 नग FHTC एंव 59 नग हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति की गयी है, शेष कार्यों में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं है। उक्त स्थिति पर कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे मैनपावर बढ़ाकर तेजी से कार्य कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे कार्यदायी संस्थाओं की धीमी प्रगति के दृष्टिगत पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/कार्यदायी संस्था)

**बिन्दु–2** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम प्रयागदासपुर विकासखण्ड ज्ञानपुर में भूमि प्राप्त कर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया था, वर्तमान में विवाद के कारण कार्य प्रभावित है एवं अवशेष 03 नग पेयजल योजनाओं (ग्राम अशोगापुर विकासखण्ड भदोही, ग्राम अहिमनपुर विकासखण्ड औराई, ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर) में भूमि प्राप्त किये जाने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से निरन्तर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर अप्राप्त भूमि का चिन्हांकन कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/सम्बंधित उपजिलाधिकारी)

**बिन्दु–3** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पुरेगोसाईदास का कार्य पूर्ण हो गया है, गोपीपुर–कांशीरामपुर पेयजल योजना से एच0टी0लाइन शिफ्टिग का कार्य प्रगति पर है। पुरेविश्वनाथ, सीकीचौरा, चकबसुही पेयजल योजनाओं (03नग) से एच0टी0लाइन शिफ्टिग का कार्य अभी भी अवशेष है। इसके अतिरिक्त 04 नग नये विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग (नथईपुर , अनेगपुर, खेमईपुर,) का प्राक्कलन प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही करायी जा रही है। शेष 01 नग पेयजल योजना (अमवाखुर्द) का प्राक्कलन अप्राप्त है। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंत, विद्युत/ अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)

**बिन्दु–4** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज के द्वारा अभी तक किसी भी ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं जलकल परिसर में प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गयी है तथा 11 नग पेयजल योजनाओं (डोमनपुर चिवटिया, मीनापुर, खेतलपुर, रमापुर, चौरीखास, बढौना, उचेठा, बहुटा चकडाही, नवलपुर, भरतपुर एवं मुल्लूपुर पेयजल योजना) पर क्लोज सर्किट कैमरा लगा दिया गया है, अवशेष योजनाओं पर क्लोज सर्किट कैमरा लगाने की कार्यवाही की जा रहीं है। मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा के द्वारा किसी भी ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं किसी भी पेयजल योजना पर अभी तक क्लोज सर्किट कैमरा नहीं लगाया गया है। मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा द्वारा किसी भी योजना के ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं क्लोज सर्किट कैमरा नहीं लगाये जाने के कारण अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित फर्म की योजनाओं से चोरी होने के उपरांत यदि पेयजल आपूर्ति बाधित होती है तो एफ0आई0आर0 में फर्म के प्रतिनिधि/प्रोजेक्ट मैनेजर के नाम को भी सम्मिलित किया जाये एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि ओएचटी पर इंडीकेटर लाईट, परिसर के अन्दर सम्यक् प्रकाश व्यवस्था एवं समस्त पेयजल योजनाओं पर क्लोज सर्किट कैमरा लगवाने की व्यवस्था करायी जायें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण /कार्यदायी संस्था)

**बिन्दु–5** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये नल जल मित्र की प्रगति 81.49% (859 नग के सापेक्ष 700 नग पूर्ण) प्राप्त कर ली गयी है। जल सेवा आकलन से सम्बंधित ग्रामों की कार्यवृत्त(MOM)पोर्टल पर अपलोड किया जाना था जिसकी प्रगति 114.50% (138 नग कार्यवृत्त के सापेक्ष 158 नग कार्यवृत्त) प्राप्त कर ली गयी है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए नल जल मित्र के चयन में आपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/खण्ड विकास अधिकारी)

**बिन्दु–6** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि आपके द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में योजनावार लम्बित आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का विवरण तैयार करते हुए निस्तारण कराया जा रहा है। माह अगस्त 2026 में शिकायतो से प्राप्त फीडबैक का विवरण निम्नानुसार है–

| S.No | Agency | IGRS | | | | Helpline | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Feedback taken | Satisfactory | Unsatisfactory | Satisfactory % | Total Feedback taken | Satisfactory | Unsatisfactory | Satisfactory % |
| 1 | Welspan | 3 | 0 | 3 | 0 % | 30 | 24 | 06 | 80% |
| 2 | G.A. | 16 | 11 | 5 | 68.75% | 103 | 83 | 20 | 80.58% |

आई0जी0आर0एस0 शिकायतो के समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु लगातार फर्मो को निर्देशित किया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि लम्बित आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि फर्म के द्वारा आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने में रूचि नहीं ली जाती है तो फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/कार्यदायी संस्था)

**बिन्दु–7** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर जल प्रमाणीकरण में विगत माह में मेसर्स वेलस्पन इन्टर प्राइजेज के द्वारा कोई प्रगति नहीं की गयी है एवं मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा0 के द्वारा 59 नग हर घर जल प्रमाणीकरण विगत माह में कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा विगत माह में मेसर्स वेलस्पन इन्टर प्राइजेज के द्वारा हर घर जल प्रमाणीकरण में रूचि न लेने हेतु अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे कार्यदायी संस्थाओं की हर घर जल प्रमाणीकरण में धीमी प्रगति के दृष्टिगत पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/कार्यदायी संस्था)

**बिन्दु–8** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूल, आंगनवाडी, सामुदायिक शौचालयो एवं अन्य सरकारी भवनों पर में कराये गये गृह जल संयोजन का विवरण तैयार किया जा रहा है। स्कूल एंव आंगवाडी केन्द्रो पर कराये गये गृह जल संयोजन का विकासखण्ड वार विवरण निम्नानुसार है–

| क0सं0 | विकासखण्ड | स्कूल | | आंगनवाडी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | अभौली | 88 | 71 | 160 | 92 |
| 2 | औराई | 184 | 145 | 308 | 109 |
| 3 | भदोही | 168 | 103 | 275 | 107 |
| 4 | डीघ | 167 | 98 | 268 | 89 |
| 5 | ज्ञानपुर | 163 | 89 | 226 | 61 |
| 6 | सुरियॉवा | 105 | 32 | 161 | 39 |
| | योग | 875 | 538 | 1398 | 497 |

अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि स्कूल, आंगनवाडी, सामुदायिक शौचालयो एवं अन्य सरकारी भवनों पर शत–प्रतिशत गृह जल संयोजन कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/कार्यदायी संस्था)

**बिन्दु–9** समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त विकासखण्डो में खण्डविकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए विकासखण्ड स्तरीय टीम का गठन कर संचालित एवं अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं की जॉच करायी जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए संचालित एवं अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं का शत–प्रतिशत सत्यापन कराना सुनिशिचित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/खण्ड विकास अधिकारी)

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अगामी बैठक के पूर्व अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिशिचित करें।

Digitally signed by
Shailesh Kumar
Date: 28-07-2026
19:53:42

(जिलाधिकारी)
भदोही।

कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 4047 / व्यार्थ - 33 / 13 दिनांक 28.07.2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या बैठक के पूर्व प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।